Regarding need to develop eco-tourism infrastructure in Dhule, Maharashtra under Swadesh Darshan 2.0-Laid

डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश (धुले) : मैं माननीय पर्यटन मंत्री का ध्यान इको टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । महाराष्ट्र, शांत समुद्र तटों, हरे-भरे जंगलों, से लेकर ऊंचे पहाड़ों और पश्चिमी घाटों, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है, तक विविध प्रकार के आवासों का घर है । प्राकृतिक सौंदर्य और व्यापक सांस्कृतिक विरासत महाराष्ट्र को इको-पर्यटन के लिए आदर्श बनाता है । वर्तमान में, भारत सरकार स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट (सीबीडीडी) के तहत देश भर में 5 इको-टूरिज्म परियोजनाएँ चला रही है, लेकिन महाराष्ट्र में एक भी नहीं है । महाराष्ट्र में इकोटूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की आवश्यकता है । यह न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्रदान करेगा । सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला और सह्याद्रि पहाड़ियों के बीच बसा धुले जिला, तापी और पंजारा नदियों और लालिंग, कुरान और अलादाहरी झरनों और अनेर बांध अभयारण्य के साथ विविध वन्य जीवन का घर है । ऐतिहासिक रूप से पश्चिमी खानदेश का हिस्सा, इसमें लालिंग, सोनगीर और भामेर जैसे प्राचीन किले भी हैं जो इसे इको-टूरिज्म के लिए आदर्श बनाते हैं । इसलिए, मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत धुले, महाराष्ट्र में इको टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाये ।